04 जलभराव की सूचना मिलते ही स्वयं गौशाला...



07 कांग्रेसियों ने जलाया पुतला, पुलिस ने पानी की धार...





## खबर संक्षेप

### बड़ा बाजार छात्र संघ का सदस्यता अभियान 25 से

**सागर।** बड़ा बाजार छात्र संघ का इस वर्ष का सदस्यता अभियान आगामी 25 जुलाई से प्रारंभ होगा । यह जानकारी देते हुए बड़ा बाजार छात्र संघ के संयोजक डॉ नरेंद्र चौबे ने बताया कि संघ का यह सदस्यता अभियान 25 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलाया जायेगा । उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जायेगा, इसके तहत प्रमुख क्षेत्रों में विशेष स्टाल और शिविर लगाकर नए छात्रों को संघ से जोड़ा जायेगा । श्री चौबे ने बताया कि इस अभियान में संघ से जुड़े पुराने पदाधिकारी भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे ।

### जिला स्तरीय समिति की बैठक 24 जुलाई को

**सागर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार यह बैठक 24 जुलाई को शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में संपन्न होगी।

### सड़क सुरक्षा बैठक 24 जुलाई को

**सागर।** राज्य अतिथि दर्जा प्राप्त, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति एवं सड़क सुरक्षा सर्वोच्च न्यायालय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 24 जुलाई को 11:30 से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित बैठक स्थल में परिवर्तन किया गया अब यह बैठक सर्किट हाउस के स्थान पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

### सागर जिले में अब तक 311.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 311.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से अब तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 562.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से अब तक सागर में 250.1 मि.मी., जैसीनगर में 355.2 मि.मी., राहतगढ़ में 302.3 मि.मी., बीना में 239.0 मि.मी., खुरई में 238.0 मि.मी., मालथौन में 182.7 मि.मी., बंडा में 355.7 मि.मी., शाहगढ़ में 143.2 मि.मी., गढ़ाकोटा में 463.7 मि.मी., रहली में 306.3 मि.मी., देवरी में 562.1 मि.मी., केसली में 336.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### निर्यापक मुनिसंघ की अगवानी आज

**सागर।** सागर नगर के भाग्योदय तीर्थ परिसर में वर्ष 2026 का वर्षायोग चातुर्मास हेतु आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य आचार्य श्री समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन 23 जुलाई गुरुवार को सुबह 8:30 बजे नगर अगवानी के साथ हो रहा है। अगवानी को लेकर के जोरदार तैयारी समाज ने की है मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ 22 जुलाई की शाम को खुरई रोड स्थित संटू सुरखी की फैक्ट्री में रुका। 23 जुलाई को सुबह 7 बजे खुरई रोड स्थित कृषि उपज मंडी चौराहा से मुनिसंघ का अगवानी जुलूस प्रारंभ होगा। मुनि संघ की भव्य अगवानी मुनि श्री उद्यमसागर महाराज, मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज और मुनि श्री हीरक सागर महाराज ससंघ करेंगे। सागर शहर के सभी महिला मंडल विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी इस अगवानी जरूर जुलूस में उपस्थित रहेंगे। भाग्योदय तीर्थ और सकल दिगंबर जैन समाज के सभी पदाधिकारियों ने सभी से अगवानी जुलूस में शामिल होने का अनुरोध किया है।

---

जैसीनगर में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# समान संसाधनों में यदि अन्य देश-राज्य एमएमआर, आईएमआर शून्य पर ला सकते हैं, तो हम क्यों नहीं? : कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने एवं शून्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में मैदानी स्वास्थ्य अमले का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जैसीनगर विकासखंड में एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं सीएचओ के लिए एक दिवसीय गहन प्रशिक्षण सह-समीक्षा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नार्वे जैसे देशों ने अपनी बेहतर स्वास्थ्य प्रणालियों के बल पर मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को 1 या शून्य के स्तर पर ला खड़ा किया है। हमारे देश में भी अन्य राज्य इसी तरह बेहतर कार्य कर रहे हैं। समान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और संसाधनों के बीच यदि अन्य राज्य यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, तो सागर जिला भी सही कार्यप्रणाली और सटीक फॉलो-अप से इस अंतर को समाप्त कर सकता है।

कलेक्टर पाल ने कहा कि, मैदानी अमले को अनमोल 2.0 ऐप और यू-विन पोर्टल पर डेटा एंट्री के दौरान होने वाली व्यावहारिक गलतियों से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया गजा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि ऐप संचालन में कोई तकनीकी समस्या आती है तो उसे फीडबैक भेजकर हल करें, परंतु डेटा प्रविष्टि में कोई कमी न छोड़ें। सही डेटा ही सही स्वास्थ्य प्रबंधन का आधार है। पात्र योग्य दंपत्तियों के शत-प्रतिशत पंजीयन और समय पर प्रसव पूर्व जांच के निर्देश दिए गए। सुनिश्चित किया जाए कि जन्मा हुआ बच्चा समय पर आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचे और योजनाओं का लाभ उठाए।

एएनएम द्वारा चिन्हांकन के बाद सीएचओ को प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती माता की पहचान और स्थिति की पूरी जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि, हम लगातार सभी ब्लॉक में प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहे हैं। अगस्त में हाई रिस्क प्रेगनेंसी का एक भी केस प्रबंधन से न छूटने पाए। तीसरी और चौथी जांचों के बाद स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर हाई रिस्क गर्भवती की सूचना सभी को डाउन-लाइन अपडेट रहे। यदि किसी मरीज को जिला अस्पताल या बीएमसी में रिफर करने की आवश्यकता हो तो बीएमओ तुरंत समन्वय स्थापित कर अग्रिम सूचना प्रदान करें। इसी प्रकार प्रसव के पश्चात एसएनसीयू से डिस्चार्ज होकर घर आए शिशुओं का अनिवार्य रूप से फॉलो-अप लिया जाए। 56 दिनों तक प्रसूति पश्चात गृह भ्रमण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण में प्रसव के बाद एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को गृह भ्रमण के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों और आवश्यक जांचों के संबंध में भी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान पूर्व में हुई भूलों की केस स्टडीज प्रस्तुत की गईं, जिससे मैदानी कार्यकर्ताओं को यह समझ आ सके कि किस स्तर पर चूक हुई थी। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि मैदानी स्तर पर मानवीय भूलों और तकनीकी कमियों को न्यूनतम करके न केवल मातृ-शिशु मृत्यु दर में गिरावट लाई जा सकती है, बल्कि पूरे जिले की स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली को अधिक सुदृढ़ और उत्तरदायी बनाया जा सकता है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम रोहित वर्मा, सीएमएचओ डॉ देवेश पटेरिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।



## महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशीले पदार्थों के गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराकर नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्याम भारती ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा की युवा नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनायें तथा समाज को नशा मुक्ति का संदेश दें। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनका स्वस्थ एवं जागरूक होना राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गढ़ाकोटा पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर विमल कुमार बुनकर, ज्योति गोस्वामी, आरक्षक प्रवीण, आरक्षक प्रदीप नामदेव उपस्थित रहे। सब इंस्पेक्टर विमल कुमार बुनकर ने शराब, तंबाकू, गुटखा, मादक पदार्थों तथा मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत जैसे विभिन्न प्रकार के नशों के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा नशा से दूरी रखें तथा नशा से दूर रहने के लिए समाज तथा परिवार के सदस्यों को प्रेरित करें। विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम, योग तथा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया गया। ज्योति गोस्वामी ने भी नशीले पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों तथा नशा मुक्ति के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रदीप नामदेव ने नशा अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। शिक्षक डॉ. नीरज बलाही एवंडॉ.प्रकाश कुशवाहा ने भी अपने विचार रखकर विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री आकृति खरे और चंद्र प्रताप मरकाम ने किया। आभार शिम्पी मौर्या ने माना।

# जिला युवा कांग्रेस ने बेरिकैडिंग व पुलिस बल के बीच किया कलेक्ट्रेट का घेराव

## दिल्ली में छात्रों पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई एवं राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में जताया तीखा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई बर्बरतापूर्ण कार्रवाई तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं की बलपूर्वक गिरफ्तारी के विरोध में तथा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सागर जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में जोरदार प्रदर्शन करतें हुये कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर वेरिकेटिंग व भारी पुलिस बल के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सागर कलेक्ट्रेट का घेराव कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के पूर्व कांग्रेसजन स्थानीय पहलवान बाबा मंदिर के समीप एकत्रित होकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराते हुये छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच व कार्यवाही तथा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की पुरजोर मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक भूपेंद्र मरावी ने कहा छात्रों की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी। मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं की आवाज़ को पुलिस बल के दम पर दबाना चाहती है। हमारे नेता राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस अन्याय के विरुद्ध अपना संघर्ष लगातार जारी रखेंगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा से जुड़े गंभीर संकटों का सामना कर रहा है। अपनी बात रखने वाले छात्रों पर दमन लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि न्याय की लड़ाई लड़ रहे छात्रों व कांग्रेसजनों पर बलपूर्वक कार्यवाही किए जाने की जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए उतनी कम है।युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा छात्रों की गूंज कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के छात्रों की आवाज़ को बुलंद करना है। युवा कांग्रेस छात्रों के सम्मान, लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी। यदि दमन कारी रवैया जारी रहा तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

---

महापौर ने नागरिकों की समस्याओं का मौके पर कराया निराकरण

# आपकी महापौर आपके द्वार और जनचौपाल का 20वां शिविर चकराघाट एवं बरियाघाट वार्ड का संयुक्त शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सागर द्वारा संचालित ''आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल'' अभियान के अंतर्गत 20वां शिविर चकराघाट एवं बरियाघाट वार्ड के नागरिकों के लिए चकराघाट पर आयोजित किया गया। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनके वार्ड में ही सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनचैपाल शिविरों के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, कल्याणी पेंशन, संबल कार्ड, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट, जलप्रदाय, स्वच्छता, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही किया जाए, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि महापौर संगीता सुशील तिवारी की पहल पर आयोजित जनचैपाल शिविर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन की छोटी-बड़ी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## कैंसर के उपचार के शोध में फार्मास्युटिकल साइंसेज़ विभाग के शोधार्थी शिवम कोरी को भारतीय पेटेंट



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय, सागर के फार्मास्युटिकल साइंसेज़ विभाग के शोधार्थी शिवम कुमार कोरी को उनके अभिनव शोध कार्य के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा भारतीय पेटेंट (पेटेंट नं. 594367) प्रदान किया गया है। यह पेटेंट "ए मेथड एंड ए डिवाइस अल्ट्रासाउंड-असिस्टेड सिंथेसिस ऑफ अल्फा, बीटा-सब्स्टीट्यूटेड चालकोन डेरिवेटिव्स फॉर द सपोर्टिव ट्रीटमेंट ऑफ ब्रेस्ट कार्सिनोमा" शीर्षक से प्रदान किया गया है। यह शोधकार्य स्तन कैंसर के सहायक उपचार हेतु नवीन चालकोन व्युत्पन्नों के अल्ट्रासाउंड-सहायित संश्लेषण पर आधारित है। इस तकनीक का उद्देश्य अधिक प्रभावी, सरल एवं वैज्ञानिक दृष्टि से उन्नत संश्लेषण पद्धति विकसित करना है, जिससे भविष्य में कैंसर उपचार संबंधी अनुसंधानों को नई दिशा मिल सके। यह शोधकार्य प्रो. सुशील कुमार काशव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस पेटेंट में प्रो. अस्मिता गजभिये तथा प्रो. रत्नेश दास सह-आविष्कारक के रूप में शामिल हैं। पेटेंट का आवेदन 10 नवंबर 2025 को भारतीय पेटेंट कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था तथा सभी आवश्यक तकनीकी एवं विधिक प्रक्रियाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद 3 जुलाई 2026 को इसे आधिकारिक रूप से पेटेंट प्रदान किया गया। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए मान्य रहेगा। प्रोफेसर काशव ने बताया कि यह उपलब्धि शोधार्थी शिवम कुमार कोरी की मेहनत, समर्पण एवं अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मेहनत का फल है। प्रोफेसर काशव का कैंसर शोध एवं नवाचार में यह चौथा पेटेंट है। कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, फार्मास्युटिकल साइंसेज़ विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार पाटिल एवं समस्त शिक्षकगण ने शिवम को बधाई दी।

## 30 जुलाई तक होंगे तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के पंजीयन, निर्धारित संपर्क सूत्रों पर कराएं पंजीयन

**सागर।** तुलसी फाउंडेशन, सागर द्वारा आयोजित होने वाली भव्य कावड़ यात्रा के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। इच्छुक शिवभक्त एवं श्रद्धालु 30 जुलाई तक अपना पंजीयन कराकर इस पुण्य यात्रा में शामिल हो सकते हैं। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन 14 अगस्त से 17 अगस्त तक श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ किया जाएगा। यात्रा की समुचित व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पंजीयन की व्यवस्था की गई है तथा अलग-अलग क्षेत्रों के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पंजीयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा संयोजक श्री हरिराम सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया बताया कि श्रद्धालु अपने निकटतम पंजीयन संपर्क सूत्र से संपर्क कर 30 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। श्री देव रामबाग मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।तुलसी फाउंडेशन सागर ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय रहते अपना पंजीयन कराएं तथा अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी इस भव्य धार्मिक आयोजन से जोड़ें।



## गढ़ाकोटा नगर पालिका में 6 एल्डरमैन बनाए गए

**गढाकोटा।** नगर के नव नियुक्त एल्डरमैन का स्वागत सम्मान समारोह नगरपालिका में नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी ने आयोजित कर किया। उन्होंने पुष्पमाला पहनाकर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। नगर पालिका गढ़ाकोटा में मनीष जैन, नितिन सेन, लक्ष्मी प्रजापति, प्रीतम कोष्टी, संजू तिवारी, मानसिंह कोरी को एल्डरमैन में बनाया गया है। इस अवसर पर मनोज तिवारी ने नव नियुक्त एल्डरमैन को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा नागरिकों के हितों के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता, दिनेश लहरिया, समेत पार्षद गण मौजूद थे।



## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने किया चौधरी ऐजाज हुसैन राइन और हाजी उस्मान राइन का सम्मान

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में सभी कांग्रेसियों ने एवं अध्यक्ष ने वफ्फ सदर जामा मस्जिद कमेटी कमेटी के अध्यक्ष ऐजाज हुसैन राइन तथा वफ्फ कटरा जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी उस्मान राइन को नियुक्त होने पर पुष्प मालाओं से स्वागत पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया साथ ही ऐजाज हुसैन राइन को राइन समाज का चौधरी नियुक्त होने पर भी बधाई दी। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि यह हमारे शहर और सदर के लिए गौरव की बात है की इन कमेटियों की कमान ऐसे लोगों के हाथों में सौंप गई जो लोगों के दिलों में बसे हुए हैं और शहर की सामाजिक समरसता को एक सूत्र में पिरोय हुए हैं। यह दोनों ही चेहरे इस शहर में खासकर एवं एक पहचान बनाकर निरंतर समाज की समरसता और एकता के लिए कार्य कर रहे हैं । कांग्रेस पार्टी आप को बधाई देती है और उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं कि वह आगे भी इसी तरह आपसी भाईचारा बनाकर जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि आप दोनों अध्यक्षों को जब भी हम कांग्रेस के परिवार के साथियों की आवश्यकता हो निसंकोच सामाजिक समरसता में और अमन शांति बनाए रखने में एवं जो भी जरूरतमंदों के सहयोग हेतु जो भी बातें आपकी बीच आती है उसमें कांग्रेस आपको पूरा सहयोग देगी।

### कलेक्टर की सतर्कता से खुला बड़ा फर्जीवाड़ा

# कलेक्टर की पैनी निगाह से नहीं बची एआई टेक्नोलॉजी से की गई होशियारी

## प्रभारी मंत्री के नाम पर फर्जी पत्र से तबादला रुकवाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

एआई तकनीक से तैयार किये गये फर्जी लेटर की आड़ में अपना तवादला रुकवाने की कोशिश जिले के सतर्क कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की पैनी निगाहो के सामने तत्काल धराशाई हो गईं। जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक गंभीर फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसने सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक स्वास्थ्य कर्मचारी ने अपना स्थानांतरण रुकवाने के लिए कथित तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद से तैयार किया गया प्रभारी मंत्री के नाम से फर्जी अनुशंसा पत्र तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया।

मामला उस समय उजागर हुआ जब पत्र सत्यापन के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की सतर्कता से फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ और संबंधित कर्मचारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश जारी कर दिए गए। साथ ही पूरे



प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में गोर स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ एमपीडब्ल्यू मल्टीपर्पज वर्कर केएल बंशकार का 7 जुलाई को स्वास्थ्य केंद्र दरगुवां स्थानांतरण किया गया था। इसी स्थानांतरण को निरस्त कराने के उद्देश्य से कर्मचारी केएल बंशकार ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के नाम से एक फर्जी अनुशंसा पत्र तैयार कराया। इस पत्र में उनके तबादला आदेश को रद्द करने का अनुरोध दर्शाया गया था और इसे स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से सीएमएचओ कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया।

बताया गया है कि सीएमएचओ कार्यालय ने पत्र की सत्यता की स्वतंत्र पुष्टि किए बिना उसे नोटशीट के साथ कलेक्टर कार्यालय भेज दिया। लेकिन जब उक्त फर्जी पत्र कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष पहुंचा तो उसमें प्रभारी मंत्री के नाम की वर्तनी गलत लिखी होने सहित कई अन्य संदिग्ध तथ्य सामने आए। इसी आधार पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने तत्काल पत्र की जांच



कृष्णा गौर
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,
विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग,
मध्यप्रदेश शासन

निवास : बी–6, स्वामी दयानन्द नगर, 74 बंगला, भोपाल (म.प्र.) 462003
मंत्रालय : ई–106, वीसी–3, प्रथम तल, मंत्रालय, भोपाल
दूरभाष : 0755–2708580 (मंत्रालय) (नि.) 0755–2441578
मोबाईल : 9893121578, 8959999338
ई–मेल : krishnagaur2015@gmail.com

क्रमांक : स्था/मंत्री/एफ812/2026

दिनांक : 07 जुलाई, 2026

प्रति,
कार्यालय
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश)

K. L. Banskar MPW द्वारा प्रस्तुत

विषय: श्री के. एल. बंशकार, एम.पी.डब्ल्यू. की यथावत् उप स्वास्थ्य केन्द्र गोर में पदस्थापना किए जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मेरे अनुमोदन से जारी स्थानांतरण आदेश के अंतर्गत श्री के. एल. बंशकार, पद एम.पी.डब्ल्यू., का उप स्वास्थ्य केन्द्र गोर से उप स्वास्थ्य केन्द्र दरगुवां स्थानांतरण किया गया था।

वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मैं दिनांक 07 जुलाई 2026 को यह अनुमोदन प्रदान करती हूँ कि श्री के. एल. बंशकार को यथावत् उप स्वास्थ्य केन्द्र गोर में ही पदस्थ किया जाए।

अतः अनुरोध है कि इस पत्र के पालन में श्री के. एल. बंशकार की यथावत् उप स्वास्थ्य केन्द्र गोर में पदस्थापना किए जाने संबंधी आवश्यक आदेश तत्काल जारी करने का कष्ट करें।

भवदीया,
(कृष्णा गौर)
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,
विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

कराने के निर्देश दिए। जांच के दौरान संबंधित विभागों से जानकारी ली गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि प्रभारी मंत्री के नाम से प्रस्तुत किया गया पत्र अधिकृत रूप से जारी ही नहीं किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने पत्र को पूरी तरह फर्जी घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि कथित तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से पत्र तैयार किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित कर्मचारी के निलंबन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ को निर्देश जारी किए। साथ ही यह भी कहा कि पूरे घटनाक्रम की विभागीय जांच कराई जाए और यह पता लगाया जाए कि फर्जी लेटरहेड किसने तैयार किया, कहां से बनवाया गया तथा इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि जांच में यह सामने आता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर फर्जी सरकारी दस्तावेज तैयार करने का कोई संगठित रैकेट सक्रिय है, तो उसकी भी गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उक्त प्रकरण को केवल विभागीय अनियमितता नहीं बल्कि सरकारी दस्तावेजों की विश्वसनीयता से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजा है। पुलिस अब यह जांच करेगी कि इस फर्जीवाड़े में निलंबित कर्मचारी बंशकार के अलावा अन्य व्यक्तियों की क्या भूमिका रही और फर्जी पत्र तैयार करने के लिए किन तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया गया।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन, जनप्रतिनिधियों और संवैधानिक पदों के नाम का दुरुपयोग कर सरकारी प्रक्रिया को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करेगा।

### त्वरित कार्रवाई कराकर दिलाई राहत

# जलभराव की सूचना मिलते ही स्वयं गौशाला पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में प्रशासनिक सक्रियता के साथ साथ संवेदनशील कार्यशैली के लिए पहचान बना रहे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक बार फिर मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया। लगातार हो रही बारिश के कारण आसरा गौसेवा केंद्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की सूचना मिलते ही उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्वयं भी गौसेवा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गौवंश की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण आसरा गौसेवा केंद्र परिसर में पानी भर जाने से गौवंश के रखरखाव में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी। गौसेवा केंद्र के संचालक सुदीप मिश्रा ने दूरभाष पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को उक्त स्थिति से अवगत कराया। सूचना मिलते ही कलेक्टर श्रोत्रिय ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके कुछ ही समय बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं आसरा गौसेवा केंद्र पहुंचे और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों का अवलोकन करते हुए पानी की शीघ्र निकासी, गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान, पर्याप्त छाया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की अन्य समस्याओं की भी जानकारी ली और आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने को कहा। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से गौसेवा केंद्र के संचालक सुदीप ओमप्रकाश मिश्रा सहित अन्य गौसेवकों ने आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि समस्या की सूचना



मिलते ही कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का निरीक्षण करना प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन के निर्देशों से गौशाला की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के मौसम को देखते हुए अन्य गौशालाओं में भी जलभराव, चारे, पेयजल और गौवंश की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की इस पहल को जिले में प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया और मानवीय संवेदनशीलता के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि समय पर हस्तक्षेप से न केवल समस्या के समाधान की दिशा में तेजी आएगी, बल्कि गौवंश की सुरक्षा और गौशाला की व्यवस्थाएं भी बेहतर होंगी। इसके अलावा कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा अपनाई गईं उक्त संवेदनशील व मानवीय कार्यशैली से प्रभावित होकर आसरा गौसेवा केंद्र संचालक सुदीप सहित अन्य गौसेवकों ने कलेक्टर श्रोत्रिय का आभार जताया।

# एल्डरमैन सिर्फ पद नहीं, जनता की जिम्मेदार आवाज: अभिषेक खरे

## नगर पालिका में मनोनीत सभी एल्डरमैन का घर बुलाकर किया आत्मीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर पालिका टीकमगढ़ में मध्य प्रदेश शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैनों के सम्मान में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद अभिषेक खरे रानू ने अपने निवास पर आत्मीय स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत की अनुशंसा पर नियुक्त सभी एल्डरमैनों का तिलक लगाकर, भाजपा की पट्टिका पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और नगर हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। सम्मानित किए गए एल्डरमैनों में सुशीला राजपूत, उषा प्रजापति, पिंकन कड़ा, शिवचरण उटमालिया, विजय पटैरिया एवं हर्ष मिश्रा पिंटू शामिल रहे। अभिषेक खरे रानू ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि एल्डरमैन का दायित्व केवल औपचारिक नहीं, बल्कि नगर के विकास, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और नगर पालिका की कार्यप्रणाली को जनअपेक्षाओं के अनुरूप मजबूत बनाने का भी है।



उन्होंने कहा कि नगर पालिका में एल्डरमैनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे अपने अनुभव, सुझाव और सकारात्मक सोच के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने, नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने तथा जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी मनोनीत एल्डरमैनों से अपेक्षा की कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अभिषेक खरे रानू ने कहा कि भाजपा संगठन हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनकी जिम्मेदारियों के निर्वहन को महत्व देता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी एल्डरमैन अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा नगर पालिका में जनहित से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी एल्डरमैनों ने सम्मान के लिए अभिषेक खरे रानू का आभार व्यक्त किया और नगर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प दोहराया। समारोह में संगठनात्मक एकजुटता और नगर हित में मिलकर कार्य करने का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया।

### ग्रामीण बोले- सरकारी धन की हो रही बर्बादी

# पीडब्ल्यूडी की भ्रष्टाचारी नीयत से 4 करोड़ की सड़क में दरार



**टीकमगढ़।** जिले के पलेरा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण परियोजना पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छिदारा से पुरैनिया भदारारा तक करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में कथित घटिया गुणवत्ता का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। नई बिछाई गई डामर की परत हाथों से उखड़ने का वीडियो सामने आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं और विभागीय निगरानी भी कटघरे में आ गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में डामर और गिट्टी का मिश्रण निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। उनका दावा है कि सड़क पर बिछाई गई नई परत इतनी कमजोर है कि उसे हाथों से ही उखाड़ा जा सकता है। वायरल वीडियो में कुछ ग्रामीण नई बनी सड़क की डामर परत को आसानी से निकालते दिखाई दे रहे हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर संदेह पैदा हो गया है। जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे इस सड़क निर्माण कार्य पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी सार्वजनिक राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता शुरुआत में ही सवालों के घेरे में आ गई है। उनका आरोप है कि यदि अभी यह स्थिति है तो बारिश और भारी वाहनों के दबाव में सड़क कितने दिन टिक पाएगी, यह बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क के दोनों ओर बनाए जाने वाले शोल्डर पटरी का कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि सड़क किनारे समुचित भराव नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है। उनका मानना है कि अधूरा और कथित रूप से घटिया निर्माण भविष्य में बड़ी समस्या बन सकता है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की प्रयोगशाला में जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये इसलिए खर्च करती है ताकि जनता को टिकाऊ और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें, लेकिन यदि निर्माण कार्य में ही लापरवाही बरती जाएगी तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग के समान होगा। हालांकि, इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है।

## बजरंग सेना गौ रक्षा समिति की नई कार्यकारिणी घोषित




**पलेरा।** बजरंग सेना गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष प्रिंस भारती ने संगठन की नई जिला एवं नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए गौ संरक्षण, गौ सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि संगठन गौशालाओं में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन पर लगातार नजर रखेगा और कहीं भी अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग करेगा।

प्रिंस भारती ने कहा कि शासन द्वारा गौशालाओं के संचालन और गौवंश की देखरेख के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ केवल गौ माता के हित में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन पहले से ही गौशाला संचालकों एवं संबंधित सरपंचों को आगाह करता रहा है कि शासकीय धन का सदुपयोग करें और उसका पूरा लाभ गौवंश तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी गौशाला में शासकीय राशि के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता या गौवंश की उपेक्षा की शिकायत सामने आती है तो बजरंग सेना की टीम निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस अवसर पर संगठन की नई नगर एवं जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। नगर कार्यकारिणी में अर्जुन अहिरवार को नगर अध्यक्ष, दीपक नामदेव को नगर उपाध्यक्ष तथा सुमित अहिरवार को नगर महामंत्री बनाया गया। वहीं जिला कार्यकारिणी में विशाल अहिरवार एवं बाबूलाल रैकवार को जिला उपाध्यक्ष, भारत सिंह को जिला महामंत्री, शैलेंद्र साहू को जिला मंत्री, राहुल चौधरी को जिला कोषाध्यक्ष तथा प्रवेश सेन को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अलावा अमर चंदेल, अमर वर्मा, करण वर्मा, राजेश चढ़ार एवं अर्जुन अहिरवार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। जिला अध्यक्ष प्रिंस भारती ने सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपेक्षा जताई कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप गौ संरक्षण, गौ सेवा तथा सामाजिक हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान को पुलिस ने दी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत जिला पुलिस लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में 22 जुलाई को जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए

**स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर की गई जागरूकता की पहल**




बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, सामाजिक जीवन और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और आमजन को नशामुक्ति पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाए गए। इन वीडियो संदेशों में विभिन्न सेलिब्रिटीज़, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इन संदेशों ने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को नशे के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच, आत्मानुशासन, नैतिक मूल्यों और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि युवा यदि सही दिशा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो वे स्वयं भी नशे से दूर रह सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रेरक बन सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस या शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जिला पुलिस ने बताया कि नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि समाज के हर वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके और युवाओं के सुरक्षित, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सके।

### वरीयता के आधार पर चिन्हित 2500 आवास लंबित देखकर कलेक्टर का अल्टीमेटम

# एक सप्ताह में स्वीकृत करें लंबित आवास, नहीं तो कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिवों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवास स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने दो टूक कहा कि बिना किसी ठोस कारण के यदि किसी हितग्राही का प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।लि पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। समीक्षा में सामने आया कि वरीयता सूची में शामिल लगभग 2500 पात्र हितग्राहियों के आवास ग्राम पंचायतों द्वारा अभी तक पोर्टल पर स्वीकृत नहीं किए गए हैं, जिससे योजना का लाभ समय पर पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिला पंचायत के







मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों की स्वीकृति इसी सप्ताह हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव स्वयं आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें और किसी भी पात्र हितग्राही को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि सामान्य परिस्थितियों में हितग्राहियों से किसी प्रकार के अतिरिक्त दस्तावेज या कागजात मांगने की आवश्यकता नहीं है। सचिव स्वयं रिकॉर्ड के आधार पर प्रकरण पूर्ण कर पोर्टल पर स्वीकृति की कार्रवाई करें, ताकि योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि जांच के दौरान किसी ग्राम पंचायत में बिना उचित कारण के आवास स्वीकृति लंबित मिली तो संबंधित सचिव को सीधे तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा और उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए तथा सभी पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक आवास योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

## युवाओं ने शिक्षा मंत्री का जलाया पुतला, मेन कांग्रेस ने किया उपवास

# कांग्रेसियों ने जलाया पुतला, पुलिस ने पानी की धार फेंक बुझाया, जमकर हुई छीना-झपटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जंतर मंतर पर चल रहे छात्रों के प्रोटेस्ट को समर्थन करने और राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में श्योपुर में भी कांग्रेसियों ने आक्रोर्षित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने जय स्तंभ पर मंगलवार की रात उपवास किया वहीं बुधवार को युवा कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ और पुलिस के बीच पुतला छीने जाने को लेकर हल्की फुल्की झड़प भी हुई।

मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नेतृत्व में एकत्रित हुए कांग्रेसियों ने पहले जय स्तंभ पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और बाद में सड़क पर बैठकर उपवास किया कांग्रेस जिला अध्यक्ष फौजी ने कहा कि जिस तरह नीट जैसे पेपर को आउट कर बेचा गया है और बेचने वाले मंत्री को बचाने का काम प्रधानमंत्री और उनकी सरकार कर रही है उससे पता लगता है कि सरकार भ्रष्टाचार के कितने अखंड में डूबी हुई है जब छात्र इस चीज का विरोध कर रहे हैं तो सरकार उनकी बात सुनने के बजाय उल्टे उनके साथ मारपीट कर यातनाएं दे रही है इसका विरोध करने पर राहुल गांधी की गिरफ्तारी की जा रही है जो स्पष्ट दर्शाता है कि देश में अब सरकार नहीं तानाशाही चल रही है और इस तानाशाही के खिलाफ अब हर एक व्यक्ति को आंदोलन में शामिल होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है की तर्ज पर कांग्रेस पूरे देश में भाजपा के कुशासन को उजागर करेगी। छात्रों इस प्रोटेस्ट को आगे बढ़ाने में छात्रों का सहयोग करेंगे उन्हें अकेला छोड़ा नहीं जायगा।




### पुतले को लेकर पुलिस से झड़प

राहुल गांधी के गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को दोपहर 12:00 बजे युवा कांग्रेस ने जयस्तंभ पर शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए नेताओं ने भाजपा की नीति को देश विरोधी और छात्रों का भविष्य खत्म करने वाली बताते हुए जमकर कोसा। पुतला दहन के दौरान उस समय स्थिति विचित्र हो गई जब पुलिस ने पहले कांग्रेसियों पर फायर ब्रिगेड से बौछार कर जलते पुतले को बुझा दिया और बाद में पुतला छीनने की कोशिश में एक दूसरे से उलझ गए पुतला छीनने से रोकने के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से उलझते दिखे। हालांकि बाद में पुलिस पुतला छीनकर अपने साथ ले गई।

### प्रदर्शन में कम संख्या पर चर्चा

हालांकि कांग्रेस ने दिल्ली में हुए घटनाक्रम को लेकर जिला मुख्यालय पर दो दिनों तक लगातार प्रदर्शन किया गया लेकिन इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ नदारद रहना चर्चा का विषय जरूर बन गई। लोगों का कहना है कि जब राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के शीर्ष नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और देश भर में कांग्रेसी सरकार पर गुस्सा उतार रहे हैं तो ऐसे में कांग्रेस के प्रदर्शन में नेताओं कार्यकर्ताओं की भीड़ अधिक होना चाहिए थी लेकिन जिला कांग्रेस कमेटी के गिने चुने लोग ही पहले दिन उपवास में पहुंचे और उसके दूसरे दिन हुए पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस की अरुचि चर्चा का विषय बन गई। इस उदासीनता के साथ क्या कांग्रेस विधानसभा चुनाव 2028 फ़तेह करेगी?।



### छात्रावास में रह रहे छात्रों की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया

उधर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पियूष शिवहरे बुधवार को ओबीसी वर्ग के छात्रावास से जुड़े छात्रों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौपा जिसमें, छात्रावास परिसर के पीछे कॉलोनी के पानी को आने से रोका जाए। छात्रावास के बाथरूम जर्जर स्थिति को ठीक किया जाए। छात्रावास के चारो नियमित साफ-सफाई कराई जाए। छात्रावास के बाहर की तरफ लाईट सुविधा बहाल की जाए। छात्रावास में ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। छात्रावास का पैसा बिजली विभाग में 4 वर्ष पहले से जमा है। परन्तु बिजली विभाग ने अभी तक कोई ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है, जिसे लगाया जाए। छात्रावास की छत पर पानी भर जाने के बाद लगातार टपकती है जिसका मेंटिनेन्स कराया जाए। छात्रावास के चारों और बाउंड्री ना होने के कारण कई जानवर छात्रावास के अन्दर आ जाते है और उनका जमावडा बना रहता है जिसे तत्काल रोका जाए।

## दूसरे दिन भी बारिश, खिले किसानों के चेहरे

# उफनी अमराल में बहे युवक का एक ढेंगदा पुलिया पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को बारिश का आनंद लेने और पिकनिक मनाने के लिए कुछ युवक अमराल नदी स्थित मोर डूंगरी घाट पर नहाने गए थे तभी अचानक नदी में पानी बढ़ गया और एक युवक अनवर 37 वर्ष पुत्र फारुख निवासी ज्वालापुर नदी के तेज बहाव में बह गया, जिसका शव करीब 1 किलोमीटर दूर ढेंगदा पुलिया के पास मिला।

बुधवार को शहर में दोपहर 3:00 बजे के करीब झमाझम बारिश हुई हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं हुई लेकिन पूरे जिले में बारिश का असर देखा गया खेती किसानी करने में लगे किसानों को बारिश से राहत जरूर मिली लेकिन एक हादसा जिला मुख्यालय पर तब हो गया जब कुछ युवक पर्यटक स्थल मोर डोंगरी पर नहाने चले गए थे यहां पर नदी का पानी अचानक बढ़ जाने से युवक पानी में बह गया और जब तक उसे निकाला जाता तब तक उसके प्राण शरीर से निकल गए थे। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर मार्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

### खेत में काम कर रहे मजदूर की सांप के काटने से मौत



श्योपुर। धान की पौध रोपाई करते समय एक मजदूर की मौत बुधवार को सांप के काटे जाने से हो गई। मृतक बिहार के पूर्णिया जिले का बताया गया है, पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समाजसेवी अंजुमन सदर अकरम खान ने बताया कि प्रेमपुरा में एक किसान के यहां फसल रोपाई करने के लिए आए मजदूरों के साथ मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद मुंशी नामक मजदूर भी था जो अन्य मजदूरों के साथ खेत में धान की पौध रोपाई कर रहा था उसी समय मेड पर छुप कर बैठे एक सांप ने लपक कर सलीम को काट लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई हालांकि खेत मालिक अपने साधन से उसे तत्काल अस्पताल लेकर आ गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। किसान के कहने पर अंजुमन सदर अकरम खान ने मृतक के परिजनों से चर्चा कर शव को पूर्णिया के लिए रवाना करवा दिया।

### 18.40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। जिले में 22 जुलाई को 18.40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक 22 जुलाई को श्योपुर में 50, बडौदा में 06, कराहल में 06 एवं वीरपुर में 30 मिली मीटर एवं विजयपुर में शून्य मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 205.32 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 770.58 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# श्योपुर पहुंचे नवागत एसपी, संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के नवागत एसपी मोतीउर रहमान बुधवार की सुबह श्योपुर पहुंच गए। उन्होंने दोपहर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होने अपने चेंबर में पुलिस अधिकारियों की परिचायत्मक बैठक लेकर उनसे परिचय प्राप्त किया। इस दौरान एएसपी प्रवीण भूरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा, पीए महेश गौड, रीडर रविन्द्र पाठक आदि कार्यालयीन पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

उधर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल नवागत एसपी को चार्ज सौपने के बाद श्योपुर से टीकमगढ के लिए रवाना हो गए। इसके पहले बीती शाम को उनका विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें पुलिस विभाग की ओर से विदाई दी गई।

बता दें कि श्योपुर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल का टीकमगढ तबादला हो गया है। उनकी जगह आईपीएस मोतीउर रहमान को श्योपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मोतीउर रहमान श्योपुर जिले के 27 वे पुलिस अधीक्षक है। उनके पहले 26 पुलिस अधीक्षक श्योपुर में पदस्थ रह चुके है।




### नवागत एसपी आज थाना प्रभारियों से करेगे वन टू वन चर्चा

बुधवार को पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत एसपी मोतीउर रहमान गुरूवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेकर उनसे न केवल परिचय प्राप्त करेगे,बल्कि अपराधो की स्थिति को लेकर उनसे वन टू वन चर्चा करेगे। गुरूवार की दोपहर को 12 बजे थाना प्रभारियों के साथ नवागत एसपी की यह बैठक पुलिस कंट्रोलरूम में रखी गई है। नए कप्तान की पहली बैठक में उपस्थित रहने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

# स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन जरूरी:मीणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने कहा कि स्वच्छता के लिए सभी की भागीदारी के साथ ही लोगों में व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान डूडा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, डिप्टी कलेक्टर पवन घुरैया, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल अभिषेक त्रिवेदी, सीएमओ नरेन्द्र जाटव, एसबीएम प्रभारी जीएस डोगरे, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। एसडीएम गगन सिंह मीणा ने निर्देश दिये कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में वार्ड श्रमिको को सक्रिय किया जायें तथा ग्रामीण क्षेत्र में भी नियमो के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। शहर में जनभागीदारी के माध्यम से मुख्य स्थानों पर कचरा संग्रहण के लिए डस्टबीन रखे जाने का सुझाव भी दिया गया तथा वाईनरी दृष्टिकोण के साथ 4 वर्गो में कचरा अलग-अलग गीला, सूखा, सेनेट्री एवं विशेष देखभाल की श्रेणी में पृथक-पृथक संग्रहित किया जायें। इसके साथ ही नगरपालिका द्वारा टंचिंग ग्राउंड में कचरा सेग्रीगेशन किया जायें, इसके साथ ही एमआरएफ की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

बैठक में नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में टीपर वाहनों से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तथा श्योपुर शहर में प्रतिदिन 27 टन कचरा एकत्रित किया जा रहा है। जानकारी दी गई कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत श्योपुर में शासकीय तथा निजी क्षेत्र के 12 ऐसे स्थान चिन्हित किये गये है, जहां बल्क बेस्टेज जनरेटर लगाये जायेगे, जिसके माध्यम से इन संस्थानो में निकलने वाले कचरे का निस्पादन वही किया जा सके। बडौदा में भी 5 स्थान चिन्हित किये गये है। एसडीएम द्वारा बैठक के दौरान डाग बाइट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि श्योपुर में एनीमल वर्क कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जायें तथा आवारा श्वान का सर्वे सुनिश्चित किया जायें और उनका नसबंदीकरण एवं रेबीज वैक्सीनेशन किया जायें।

### रि-साइकिलिंग प्लांट के लिए 40 प्रतिशत अनुदान

बैठक में सहायक संचालक एमएसएमई शुभम अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि सर्कुलर इकोनॉमी अंतर्गत कचरा निस्पादन के लिए रि-साइकिलिंग प्लांट लगाने वाले उद्यमियों को एमएसएमई प्रोत्साहन अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत कचरा संग्रहण के बाद कचरे का पृथकीकरण कर रि-साइकिलिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने के लिए अनुदान दिया जाता है।

# अच्छी बारिश के लिए गांवों में निकाली जा रही घासभैरू की सवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लंबे समय से अवर्षा की स्थिति झेल रहे ग्रामीण अब मन्नत मुरादे मांगने, देवी देवताओं के दरबार में झंडा चढ़ाने, पद यात्राएं निकालने के साथ-साथ सभी टोटके भी कर रहे हैं। इसी क्रम में कई गांव में घास भैरू की सवारी भी निकल जा रही है। इसी क्रम में मठेपुरा गांव में भी घास भैरू की सवारी निकाली गई।

घास भेरू चौक से निकाली गई सवारी पूरे गांव के साथ-साथ गांव के बाहर निकाल कर गांव की परिक्रमा लगाई गई, पथर के बड़े टुकड़े के रूप में घासभेरू को ट्रैक्टर ट्राली से बांधकर खींचा गया और उस पर शराब का भोग बार-बार चढ़ाया गया ज्ञात हो कि घास भैरू विषम परिस्थितियों से लड़ने वाला देवता माना जाता है उन्हें पूजा में शराब का भोग लगाया जाता है जब काल पड़ता है या अवर्षा होती है अथवा बीमारी का प्रकोप होता है तब ग्रामीण घासभैरू की सवारी निकलते हैं इस समय अवर्षा की स्थिति से किसान घबराए हुए हैं जिसके चलते लोग घासभैरू की सवारी भी निकाल रहे हैं।

## भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# विजयपुर में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर नगर में बुधवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। रथ में सवार भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलदेव और बहन सुभद्रा के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ रथयात्रा में शामिल हुए।

रथयात्रा का शुभारंभ विजयपुर अस्पताल परिसर से विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा इमली तिराहा, गांधी चौक, बस स्टैंड और मंडी क्षेत्र से होती हुई बालाजी गार्डन पहुंची, जहां धार्मिक आयोजन के साथ इसका समापन हुआ। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। पुष्पवर्षा कर भगवान की आरती उतारी गई तथा नगर और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचकर स्वयं को धन्य महसूस किया। रथयात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन का पर्याप्त अमला तैनात रहा। नगरवासियों ने इस आयोजन को धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बताते हुए भगवान जगन्नाथ से सभी के मंगल, सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की।



### आज वीरपुर,कल श्योपुर में निकलेगी रथ यात्रा

भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा गुरूवार को वीरपुर कस्बे में निकाली जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। वीरपुर में रथ यात्रा निकालने के बाद भगवान जगन्नाथ जी का रथ गुरूवार की देर शाम को श्योपुर पहुंच जाएगा। यहां बायपास रोड स्थित पर्यटक भवन में भगवान जगन्नाथ जी विश्राम करेगे। समिति संयोजक अनिता सिकरवार ने बताया कि 24 जुलाई को श्योपुर में भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो पाली रोड स्थित कॉलेज से शुरू होगी।

## पुलिस ने फरियादी की पत्नी से ही बरामद किए चोरी में गए रुपए

# चौंडपुर गांव में हुई चोरी का खुलासा,जिसने दर्ज कराई चोरी की रिपोर्ट,उसी की पत्नी निकली चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर से सटे चौंडपुर गांव में करीब सप्ताहभर पहले हुई 52 हजार रूपए की चोरी की वारदात को देहात थाना पुलिस ने ट्रेस करते हुए न सिर्फ चोर को पकड लिया है,बल्कि चोरी हुए रूपए भी बरामद कर लिए है। खास बात यह है कि जिसने अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसी की पत्नी चोर निकली है। पुलिस की पूछताछ के दौरान फरियादी की पत्नी ने चोरी की घटना को कबूल करते हुए कहा कि खर्च के लिए परिवार के लोग उसे पैसे नहीं दे रहे थे, इसलिए उसने अलमारी में रखे 52 हजार रूपए मौका देखकर निकाल लिए।

देहात थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम चौंडपुर निवासी कमलेश मीणा ने 14 जुलाई को थाने आकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के दौरान फरियादी कमलेश ने बताया था कि 13-14 जुलाई की दरमियानी रात को हुई चोरी की वारदात के दौरान उसके घर के कमरे में रखी अलमारी से 52 हजार रूपए चोरी हो गए है। इस मामले में पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गई।



### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया था चक्काजाम

चौंडपुर गांव में हुई चोरी की इस वारदात को लेकर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा ने चोरी की इस घटना का जल्द खुलासा किए जाने की मांग उठाई और इस मामले को लेकर कुछ लोगों के साथ शहर के पाली रोड पर देहात थाने के सामने नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया था। बाद में पुलिस ने समझाइस देकर इस चक्काजाम को हटवा दिया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने युकां जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा,महेन्द्र मीणा, अभिषेक मीणा सहित अन्य कई लोगों के खिलाफ चक्काजाम करने की एफआईआर भी दर्ज कर ली थी।

### ...तब घर के सदस्यों की ओर घूमी पुलिस के शक की सुई

चौंडपुर गांव में इस घटना से पहले भी चोरी की वारदाते हो चुकी है, ऐसे में चौंडपुर में फिर हुई चोरी की इस वारदात को लेकर युवा कांग्रेसियों के द्वारा चक्काजाम किए जाने से पुलिस पर इस चोरी का खुलासा जल्द किए जाने का दबाव बन गया। इसलिए देहात थाना पुलिस ने इस चोरी का खुलासा करने के लिए अपना जोर लगा दिया। इस चोरी की वारदात का खुलासा करने में लगी पुलिस के शक की सुई तब घर के सदस्यों की ओर घूम गई,जब घटनास्थल का निरीक्षण के दौरान जिस कमरे में अलमारी रखी थी,उस कमरे की कुंदी घटनावाली रात को अंदर से लगी थी तथा जिस अलमारी से रूपए निकले है, उसका भी ताला टूटा हुआ नहीं था। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि घटनास्थल का माजरा देखकर ही समझ में आ गया कि चोर कोई बाहरी नहीं,बल्कि घर के अंदर रहने वाला ही कोई सदस्य चोर है, जिसने ही अलमारी का ताला खोलकर रूपए निकाले है। इस मामले में थोडी सख्ती के साथ पूछताछ करने पर फरियादी कमलेश की की पत्नी संपत्ती बाई ने ही चोरी कर लेने की बात कबूल कर ली। साथही यह भी बता दिया कि उसके पास खर्च के लिए पैसे नहीं थे इसलिए उसने चुपके से पैसे निकाल लिए। पुलिस ने फरियादी की पत्नी के कब्जे से चोरी में गए 52 हजार रूपए भी बरामद कर लिए।

### खुलासा कर लिया...

चौंडपुर गांव में कमलेश के घर में हुई 52 हजार रूपए की चोरी ट्रैस हो गई है। अलमारी में रखे रूपए किसी और नहीं बल्कि फरियादी की पत्नी ने ही निकाले है। इस मामले में फरियादी की पत्नी को आरोपी बनाकर उसके कब्जे से चोरी की रकम भी बरामद कर ली है।

**राहुल रघुवंशी**
**थाना प्रभारी देहात**

# सांदीपनि स्कूल में कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित




श्योपुर।जिले की अगरणीय शैक्षणिक संस्था में शामिल सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में बुधवार को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर अजीत सिंह (पी.जी. कॉलेज, श्योपुर) ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों, रोजगार की संभावनाओं तथा अपने लक्ष्य के अनुरूप सही कैरियर चयन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सेमिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी करते हुए विशेषज्ञों से अपने कॅरियर संबंधी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, कृष्ण मुरारी सैनी, ब्रह्मानंद चौधरी, डॉ. सुनील जी, बनवारी लाल तथा शुभम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, वक्ता एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने और उनके भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# श्योपुर के 21 पुलिसकर्मी पदोन्नत बने सब इंस्पेक्टर

श्योपुर। श्योपुर जिले के पुलिस विभाग में कार्यवाहक उप निरीक्षक और सहायक उप निरीक्षक के रूप में पदस्थ होकर अपनी सेवाए दे रहे 21 पुलिसकर्मी पदोन्नत हो गए है। पदोन्नति पाने वाले सभी 21 पुलिसकर्मी अब फुल फ्रेश सब इंस्पेक्टर बन गए है। इनमें कमलेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह गौतम, ध्रुव सिंह भदौरिया, रामअवतार डोंगर, सियाशरण केवट, जहार सिंह, प्रदीप त्यागी, रामवरन सिंह, शशि तोमर, सुरेश धाकड, रामनिवास नागरची, महावीर कंषाना, सुमेर सिंह धाकड, वीरेन्द्र पटेल, राज किशोर शर्मा, कौशलेन्द्र सिंह, मुकेश कुशवाह, बृजराज सिंह यादव, रामपुत्र गुर्जर, सुरेश सिंह सिकरवार, श्रीराम अवस्थी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### तृतीय चरण में पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग 25 जुलाई तक

**अशोकनगर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) ग्राम मोहरीराय अशोकनगर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है।शासकीय आईटीआई अशोकनगर में 06 व्यवसायिक पाठ्यक्रम (ट्रेड) संचालित हैं। जिनमें वेल्डर 40 सीट, कोपा 48 सीट,इलेक्ट्रीशियन 20 सीट, फिटर 20 सीट, मैकेनिक डीजल 48 सीट, मैकेनिक मोटर व्हीकल 20 सीट एवं शासकीय आईटीआई मुंगावली में व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन 20 सीट पर प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही हैं।वर्तमान में संस्था में प्रवेश हेतु तृतीय चरण के इच्छुक अभ्यर्थियो द्वारा अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर पर पंजीयन कर सकते है। पंजीयन उपरांत संस्थाओं तथा व्यवसायों के क्रम का चयन 25 जुलाई तक कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिये प्रवेश प्रभारी देवेन्द्र माहौर से संपर्क किया जा सकता है।

### जनसुनवाई में आवेदक को प्रदान की ट्राई साइकिल

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आवेदक धनीराम पुत्र सुखलाल जाटव निवासी बहेरिया उर्फ रूपनगर को मौके पर ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई।

### आवेदक को मिली आर्थिक सहायता

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष में जनसुनवाई में ग्राम जुग्या के आवेदक रामकृष्ण बंजारा द्वारा मां के उपचार हेतु आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु आवेदन दिया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र अग्रवाल द्वारा आज मंगलवार को आवेदक की मां को 06 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि हेतु चेक प्रदाय किया गया।

### आवेदनों के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन 23 जुलाई को

**अशोकनगर।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिले में 2351 लंबित आवेदन जिन पर बैंक द्वारा अस्वीकृति का कारण ''।तजपेंद दवज तमबेंइसम'' दर्ज है। साथ ही जिले में 1466 लंबित आवेदनों जिन पर आवेदनों मे हितग्राही द्वारा दर्ज किया गया है। ऐसे संबंधित हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान हेतु जिले की तहसील चंदेरी में 23 जुलाई 2026 को शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें पीएम विश्वकर्मा से संबंधित हितग्राही अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते है।उक्त शिविर मे बैंक अधिकारी, जनपद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के अधिकारी एवं सीएससी सेंटर के सहयोगी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार स्वैच्छिकता पर्व पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करख्या तथा नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति ने ग्राम झागर(करख्या) गौशाला मे अमरूद, जामुन,बेलपत्र व अमला आदि के पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम मे जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया कि प्रकृति को संतुलित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे अवश्य लागये,एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद द्वारा प्रत्येक समिति में 100 पौधे लगाने तथा उसे संरक्षित करने का लक्ष्य रखा है। जिला समन्वयक द्वारा सेक्टर स्तरीय म्यांपुर नर्सरी का भी निरीक्षण किया। एक आंबला का पौधा लगाया।

## दो मकानों को किया जमींदोज, जेल में हैं देह व्यापार के आरोपी सास और दामाद

# देह व्यापार का कारोबार करने वाली महिला के घर पर चलाया बुल्डोजर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**




शहर के दीपेश कॉलोनी इलाके में अनैतिक रूप से देह व्यापार का कारोबार करने वाली एक महिला सीमा अहिरवार के घर पर पुलिस और प्रशासन और नगरपालिका ने संयुक्त रूप से महिला के 2 मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा थी। इस दौरान पहले बिजली का कनेक्षन काटा गया प्रषासन मकान का सारा सामान ट्रेक्टर ट्राली में भरकर ले गया। नगरपालिका ने यहां दो मकानों पर बिना स्वीकृति के मकान निर्माण को लेकर दो मकानों पर नोटिस जारी किए थे।

ज्ञात हो कि महिला सीमा अहिरवार पिछले कई वर्षो से देह कारोबार करती आ रही थी दीपेश कॉलोनी में उसके दो मकान है इस बात की जब जानकारी पुलिस को मिली थी तब सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान,देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा और मुंगावली की एसडीआपी सनम भी खान के द्वारा पुलिस बल के साथ सीमा अहिरवार के घर पर छापा मार कार्रवाई की गई थी। इसके बाद पुलिस ने सीमा अहिरवार और उसके दामाद पर कार्रवाई की थी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था ।

उक्त घटनाक्रम में अब तक दो मामले दर्ज हो चुके हैं सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि जिनमें एक रिपोर्ट विक्रांत जैन द्वारा दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि महिला के द्वारा उसे वीडियो और फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल किया जा रहा था जिसमें कई लाख रुपये अब तक महिला द्वारा उससे लिए जा चुके हैं तथा कई प्लांट और जमीन भी अपने नाम कराई जा चुकी है इसी प्रकार श्याम रघुवंशी द्वारा भी इसी तरह की शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी उस शिकायत में भी लाखों रुपए वीडियो और फोटो को लेकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने महिला पर और उसके दामाद पर मामला दर्ज किया था।

इसके बाद पुलिस लगातार महिला की जांच पड़ताल करने में लगी थी उक्त मामले में नगर पालिका अशोकनगर द्वारा महिला के दोनों मकानों पर दो अलग-अलग नोटिस चश्पा किए गए थे जिसमें बिना स्वीकृति के मकान का निर्माण किए जाने को लेकर यह नोटिस लगाए गए थे। इसके बाद पुलिस लगातार महिला की संपत्ति की जांच करने में लगी है जिसमें प्रशासन भी शामिल है। आज बुलडोजर की कार्रवाई प्रारंभ की गई उस समय एसडीएम इसरार खान, तहसीलदार भारतेंदु यादव, सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा, नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान के साथ पूरा नगर पालिका का अमला शामिल था। इस दौरान नगर पालिका आपके साथ जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंची थी।

सबसे पहले नगर पालिका के अमले द्वारा एक मकान का ताला तोड़ा गया और उसके बाद मकान के अंदर जितना भी सामान भरा था उसे मकान को बाहर निकाल कर ट्रैक्टर ट्राली में भरने की कार्रवाई की गई। जिनमें गद्दे तखत कूलर कुर्सियां आदि सामग्री शामिल थी। यह सब कार्रवाई करने से पहले बिजली विभाग को सूचित किया गया था कि बिजली विभाग सबसे पहले इस मकान के विद्युत कनेक्शन काटे इसके बाद मकान को जमीन उसे करने की कार्रवाई शुरू हुई। पहले एक मकान गिराया गया फिर दूसरा मकान गिराया गया। इस दौरान तमाषबीनों की भीड़ इस पूरे बुलडोजर मिशन को देखने के लिए जमा थी।

प्रशासन का अमला पूरे समय मौके पर मौजूद रहा इस दौरान आसपास के घरों के लोगों ने भी राहत के सांस ली। यहां कई लोगों ने अपने मकान पर लिख रखा है कि उनका मकान बिकाऊ है उन्होंने इस इलाके में चलने वाले देह व्यापार के अनैतिक कार्यों को लेकर अपना मकान बिकाऊ कर दिया है। महिला के मकान में कई ऐसी भी लगे हुए थे, इस पूरे घटनाक्रम में अब पुलिस को प्रशासन जांच पड़ताल करने में लगी है कि महिला के पास कितनी प्रॉपर्टी है कितनी जमीन है कितने प्लांट है उसके हिसाब से आगामी कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जा सकती है।

## एसडीएम से शिकायत करने पहुंचे छात्र

# चंदेरी के राजमाता सिंधिया वाचनालय में पक्षपात का आरोप



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

नगर के नए बस स्टैंड स्थित राजमाता सिंधिया वाचनालय में सीट आवंटन और व्यवस्था को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। वाचनालय में बढ़ती अध्ययनरत बच्चों की संख्या के बीच अब छात्रों ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि लंबे समय से नियमित रूप से आ रहे बच्चों को हटाकर नेताओं और रसूखदारों के बच्चों को बिठाया जा रहा है, जिससे उनका अध्ययन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### रसूखदारों के दबाव में हटाई जा रही सीटें!

प्रतियोगी परीक्षाओं और नियमित पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं का आरोप है कि वाचनालय की प्रभारी द्वारा उन्हें उनकी निर्धारित सीटों से हटाया जा रहा है। बच्चों का कहना है कि यह सिलसिला पिछले कई महीनों से लगातार चल रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और पक्षपातपूर्ण व्यवहार से परेशान होकर आखिरकार छात्र-छात्राओं को पैदल चलकर तहसील कार्यालय तक पहुंचना पड़ा, जहाँ उन्होंने एसडीएम मनीष धनगर को एक ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष व्यवस्था की मांग की।

### शिकायत के बाद नहीं मिला प्रवेश, बारिश में भीगे बच्चे

एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने के बाद जब छात्र-छात्राएं वापस वाचनालय पहुंचे, तो उन्हें एक और अमानवीय स्थिति का सामना करना पड़ा। बच्चों ने बताया कि उन्हें काफी देर तक वाचनालय के मुख्य गेट के बाहर बारिश में खड़ा रखा गया, जिसके कारण कई छात्र-छात्राएं पानी में भीग गए। इस घटना से छात्रों में भारी रोष व्याप्त है।

### मूल उद्देश्य पर फिर रहा पानी

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर नए बस स्टैंड परिसर में इस वाचनालय का निर्माण इसलिए कराया गया था ताकि नगर के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे यहाँ आकर शांतिपूर्ण माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकें। लेकिन वर्तमान में हो रहे भेदभावपूर्ण रवैये से वाचनालय के मूल उद्देश्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### क्या बनेगी वैकल्पिक व्यवस्था?

वाचनालय में लगातार बढ़ती छात्रों की संख्या को देखते हुए अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन केवल आश्वासन देता है या फिर सिटिंग कैपेसिटी बढ़ाने और पारदर्शी रोस्टर प्रणाली जैसी कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था लागू करता है।

## अव्यवस्थाओं पर सख्त, एक डॉक्टर को थमाया नोटिस

# सिविल अस्पताल का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

स्थानीय सिविल अस्पताल में लगातार मिल रही शिकायतों और अव्यवस्थाओं के बीच मंगलवार को एसडीएम मनीष धनगर ने अस्पताल परिसर का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टरों की उपस्थिति का बारीकी से जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के कड़े निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से अस्पताल में पदस्थ कुछ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर की महंगी दवाइयां लिखने, मनचाहे मेडिकल स्टोर से ही दवाई लेने के लिए दबाव बनाने तथा अनधिकृत पैथोलॉजी लैब से गैर-जरूरी जांचें करवाने के गंभीर आरोप लग रहे थे। शिकायतों के अनुसार, यदि मरीज किसी अन्य मेडिकल स्टोर से दवाई लाता था, तो डॉक्टर दवाएं वापस करवा देते थे। मरीजों की आर्थिक स्थिति को नजरअंदाज कर अनावश्यक महंगी जांचें लिखे जाने का मामला लगातार गरमा रहा था।

### उपस्थिति रजिस्टर की जांच अनुपस्थित डॉक्टर को नोटिस

अस्पताल पहुंचे एसडीएम मनीष धनगर ने सबसे पहले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का उपस्थिति (अटेंडेंस) रजिस्टर चेक किया। इस दौरान एक डॉक्टर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया गया, जिस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने संबंधित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।



### जीवनरक्षक टीकों की किल्लत दूर करने पत्राचार

एसडीएम ने दवा स्टोर और इंजेक्शन की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस दौरान सामने आया कि अस्पताल में एंटी-रेबीज (कुत्ते के काटने के टीके) सहित डीएफसी जैसी कुछ बेहद जरूरी दवाओं व इंजेक्शन की कमी चल रही है। इस पर एसडीएम ने आश्वस्त किया कि वे जिला प्रशासन व वरिष्ठ अधिकारियों से तुरंत पत्राचार कर अस्पताल में आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों और टीकों की आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित कराएंगे।

### शिकायतें मिली थीं

अस्पताल में बाहर की दवाइयां और मनमानी पैथोलॉजी जांच लिखे जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मरीजों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में कोई डॉक्टर बाहर की दवाई लिखते पाया गया तो उस पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हमारी प्राथमिकता है।

**मनीष धनगर**, एसडीएम, चंदेरी

### भाजपा ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमति से भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव बबलू द्वारा मंगलवार को ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जारी सूची के अनुसार उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह भट्टी राजभान यादव, राजकुमारी महेंद्र सिंह यादव, उत्तम कुशवाहा रामपाल सिकरवार घनश्याम पवार, महामंत्री श्याम बाबू रघुवंशी, अनुराधा बीपी अहिरवार, मंत्री विशाल यादव, ममता दिनेश रघुवंशी, संदेश यादव, मोहर सिंह पाल, महेश सिंह कुशवाह रेखा नरेश यादव कोषाध्यक्ष विजय भान सिंह यादव सह कोषाध्यक्ष कीर्ति हरवीर सिंह राजपूत, कार्यालय मंत्री सुरेंद्र यादव सह कार्यालय मंत्री छतरपाल शर्मा, देवेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी उदयभान सिंह, सह मीडिया प्रभारी जसवंत सिंह यादव, सोनू शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी राजकुमार यादव, सह सोशल मीडिया प्रभारी साजन प्रजापति, राजू कुशवाहा, आईटी सेल प्रभारी शिवम साहू सह आईटी सेल प्रभारी रवि यादव, प्रदीप यादव को नियुक्त किया गया है।

# सुरक्षा के संकेत, जीवन की हिफाजत यातायात पुलिस की जनहितैषी पहल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**




पुलिस मुख्यालय भोपाल की पीटीआरआई (यातायात) शाखा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपायों के माध्यम से सुरक्षित बनाने हेतु जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर श्री विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से नवाचार आधारित एवं परिणामोन्मुखी अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में यातायात प्रभारी मनीष सिंह चैहान के नेतृत्व में आरक्षक क्रमांक 157 मंगल सिंह कुशवाह, आरक्षक क्रमांक 618 गजेंद्र सिंह पाल एवं एनआरएस नीरज शर्मा के सहयोग से अशोकनगर शहर के दुर्घटना संभावित चिन्हित कुड़ीघाट ब्लैक स्पॉट का तकनीकी दृष्टिकोण से सुरक्षा उन्नयन किया गया। सड़क की रात्रिकालीन दृश्यता एवं चालक मार्गदर्शन को सुदृढ़ बनाने हेतु रोड स्टड, रेडियम रिफ्लेक्टिव स्ट्रिप्स एवं चेतावनी संकेतक स्थापित किए गए, जिससे वाहन चालकों को समय रहते मार्ग की दिशा, मोड़ एवं संभावित जोखिम की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके तथा दुर्घटनाओं की संभावना में प्रभावी कमी लाई जा सके।

इसी प्रकार त्रिदेव मंदिर, विदिशा रोड स्थित ब्लैक स्पॉट पर सड़क उपयोगकर्ताओं के सुरक्षित आवागमन एवं प्रभावी दिशा-निर्देशन के उद्देश्य से रोटरी सुरक्षा घेरा (त्वजंतलौमिजल ठंततपमत) स्थापित किया गया। इसके साथ ही रेडियम रिफ्लेक्टिव स्ट्रिप्स लगाकर स्थल की रात्रिकालीन दृश्यता को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया, जिससे दूर से ही मोड़ एवं मार्ग की स्पष्ट पहचान संभव हो सके। यह पहल केवल यातायात प्रबंधन तक सीमित न होकर वैज्ञानिक सड़क अभियांत्रिकी, दुर्घटना निवारण एवं जनसुरक्षा के प्रति अशोकनगर यातायात पुलिस की दूरदर्शी कार्यशैली का सशक्त उदाहरण है। सड़क सुरक्षा को जनसहभागिता से जोड़ते हुए यातायात पुलिस द्वारा सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के सींगों पर रेडियम रिफ्लेक्टिव सामग्री लगाई गई, ताकि रात्रि के समय उनकी समयपूर्व पहचान सुनिश्चित हो सके और उनसे होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम की जा सके। इसी प्रकार ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर भी रिफ्लेक्टिव स्ट्रिप्स लगाकर उन्हें अधिक दृश्य बनाया गया, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण एवं रात्रिकालीन यातायात में सुरक्षा का स्तर और अधिक सुदृढ़ हो सके। यह अभियान स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अशोकनगर यातायात पुलिस केवल नियमों के प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जन सहभागिता के माध्यम से सड़कसुरक्षा की स्थायी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गर्मी से लोग परेशान रहे लेकिन हर आधे घंटे में अधिकारी दिलासा देते रहे

# अशोकनगर शहर में आठ घंटे तक रही ब्लैक आउट की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

बिजली के मामले में अशोकनगर शहर सबसे गरीब शहर है यहां जितनी भी सुविधाएं बिजली विभाग के पास आ जाएं लेकिन उन सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अगर बिजली मिले तो सुविधा का लाभ लोगों को मिल पाए। बिजली की हालत यह है कि सोमवार की शाम 5 बजे से शहर में बिजली गुल हुई जो रात 12:30 बजे तक आधे शहर में ब्लैक आउट की स्थिति बनी रही।

शहर के अधिकांश इलाके अंधेरे की चपेट में रहे, अंधेरा होने के कारण लोग बार-बार बिजली विभाग के यहां फोन करते रहे लेकिन अधिकारियों का रटा रटाया जवाब आपकी समस्या दर्ज कर ली गई है जल्दी ही इसका निराकरण कर दिया जाएगा। शाम 5:00 बजे से गायब हुई बिजली रात 12:30 बजे के बाद आई। आप समझ सकते हैं कि इस स्थिति में शहर के लोगों की क्या स्थिति बनी होगी। आधा शहर अंधकार में डूबा था, शहर के नागरिकों को गुस्सा भी बहुत आ रहा था लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं था। न तो घरों में इनवर्टर काम कर रहे थे जितने जो भी साधन जिनके पास थे इतने घंटे में खत्म हो चुके थे। लोग करते क्या न करते मजबूरी में लाइट आने का इंतजार करते रहे। एक तो गर्मी का मौसम ऊपर से उमस भरी गर्मी होने के कारण लोगों को बेचैनी महसूस होती रही, पंखे भी बंद लोगों ने जैसे तैसे मोबाइल की लाइट में समय निकाला लेकिन उसके बाद मोबाइल भी कुछ समय बाद बंद हो गए, जिसके कारण लोगों को मोबाइल चार्जिंग के लिए परेशान होना पड़ा। सबसे ज्यादा ब्लैक आउट की स्थिति महावीर कॉलोनी, छैलाबाग, इंदिरापार्क, गौशाला रोड, शांतिनाथ मंदिर मार्ग, तुलसी कॉलोनी जैसे कई इलाकों में बनी रही, यानी आधा शहर अंधकार की चपेट में था।

### अधिकांश इलाके अंधेरे की चपेट में रहे



सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को सहन करना पड़ी जिनके यहां छोटे-छोटे बच्चे हैं और वह बिना हवा के नहीं रह पा रहे थे अनेक लोगों के बिजली से चलने वाले उपकरण शाम 5:00 बजे के बाद बंद हो गए थे लोगों ने हर रोज की तरह यही समझा कि बिजली अब आती होगी,अब आती होगी ऐसा इंतजार करते-करते रात के 12:30 बज गए। अब लोगों के सामने सवाल यही था करें तो क्या करें रात निकालना मुश्किल हो रही थी। इधर दूसरी ओर मच्छरों का आतंक लोगों को बैठने नहीं दे रहा था लेकिन बिजली विभाग इन सब से अंजान था। आप सोचें कि घर गृहस्ती वाले लोगों को इस समस्या से तो जूझना ही पड़ा, साथ में जिनका व्यापार बिजली के उपकरणों से ही चलता है उनको अपनी दुकान बंद कर जाना पड़ा।

बिजली विभाग की स्थिति अशोकनगर शहर में ऐसे ही बनी हुई है एक दिन की बात हो तो ठीक है हर रोज यही हो रहा है। बिजली विभाग पूरे साल भर मेंटेनेंस करता है हर रोज खबरें अखबारों में छपाई जाती हैं कि इस लाइनों का रखरखाव होने के कारण उक्त इलाके में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। साल भर यही काम चलता है कभी वर्षा काल का बहाना लिया जाता है,मौसम में पानी और हवा के कारण यह स्थिति बन जाती है इसलिए बिजली विभाग को लाइट बंद करना पड़ती है लेकिन एक दिन की बात हो तो ठीक है यहां तो शहर में हर रोज की यही स्थिति बन रही है। कम से कम महावीर कॉलोनी नई आबादी इंदिरा पार्क शांति नगर मंदिर मार्ग के लोग तो पूरे वर्ष परेशान रहते हैं।

या तो बिजली विभाग ने इस इलाके की लाइट किसी ग्रामीण अंचल से जोड़ रखी है या फिर बिजली विभाग के पास ट्रांसफार्मर नहीं है जो ट्रांसफार्मर है उन पर अधिक लोड है जिसके कारण ट्रांसफार्मर काम नहीं करते और बिजली चली जाती है या फिर ऐसी भी संभावना है कि बिजली विभाग के यहां जो केबल डाली गई है वह ठेकेदारी प्रथा के द्वारा कारण हल्की क्वालिटी की हो सकती हैं जरा सी बिजली का दबाव बढ़ने से वह केवल काम करना बंद कर देती है और उन्हें फाल्ट की स्थिति पैदा हो जाती है। जब बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका सीधा कहना यह था कि उनके यहां कोई फॉल्ट है उसे ढूंढ रहे हैं लेकिन फॉल्ट नहीं मिल रहा है जैसे ही फॉल्ट मिलेगा बिजली चालू कर दी जाएगी। 8:30 घंटे की प्रतिक्षा के बाद आखिर बिजली जब आई तब लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन मंगलवार को शाम 5:30 बजे से फिर बिजली गुल हो गई जिसके बाद 7.30 बिजली आई। यानी मंगलवार को भी लोगों को दो घंटे बिजली का इंतजार करना पड़ा। यह क्या है बिजली का, ऐसा कैसा जिला मुख्यालय है जहां बिजली भी ठीक से नहीं मिल पा रही है। तब ग्रामीण अंचलों का क्या होगा।

### इनका कहना है

लाइन में कहीं फॉल्ट आ गया है उसे फॉल्ट की तलाश कर रहे हैं कोई माइनर फॉल्ट है जिसके कारण यह समस्या सामने आ रही है यह रात 12:00 बजे की बात है जब अधिकारियों ने यह बात कही थी। हम फॉल्ट तलाश रहे हैं।

**नवीन यादव जेई,** म.प्र0 विघुत वितरण कंपनी अशोकनगर।